हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 6 अगस्त 2025

04 एसपी मंडलोई के जनहित अभियानों में दिखावटी ...



07 कलेक्ट्रेट में नहीं रैंप, दिव्यांग और बुजुर्गों को...









## सागर में भव्य राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण शौर्य, एकता और देशभक्ति को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर शहर ने आज एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनते हुए 108 फीट ऊँचे भव्य राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण देखा, जो इस क्षेत्र में अपनी तरह का पहला है। यह आयोजन भारतीय सेना की सागर (शाहबाज़) डिविजन की हीरक जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया, जो 60 वर्षों की सेवा, बलिदान और राष्ट्र समर्पण को दर्शाता है। ध्वज का लोकार्पण मेजर जनरल के.टी.जी. कृष्णन, जीओसी, 36 रैपिड (स्ट्राइक) द्वारा किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम में सेना के अधिकारीगण, पूर्व सैनिक, सिविल नागरिक, युवा वर्ग और बच्चों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली। यह सागर डिविजन की ओर से सागरवासियों को एक विशेष भेंट है, जो शहर के गौरव और देशभक्ति का प्रतीक बनेगा। इस आयोजन का सफल संचालन 636 ईएमई बटालियन की कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कामिनी पोखरिया के नेतृत्व में शाहबाज़ ईगल्स टीम द्वारा किया गया। यह बटालियन 36 रैपिड (स्ट्राइक) के अधीन कार्यरत है। पूरी टीम ने इस आयोजन को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बनाने के लिए अथक मेहनत की।

यह विशाल तिरंगा अब सागर की पहचान बनकर, प्रतिदिन शाहबाज़ डिविजन के सैनिकों के साहस, बलिदान और अनुशासन की गाथा को याद दिलाता रहेगा और देश की एकता, समर्पण और प्रेरणा का प्रतीक रहेगा। कार्यक्रम का समापन मेजर उत्कर्ष खरे द्वारा सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए किया गया, जिन्होंने इस भव्य आयोजन को सफल बनाया।

## अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का वितरण प्राथमिकता से कराएं : कमिश्नर सुचारी

### विद्यार्थियों को शासकीय छात्रावासों में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करें अधिकारी, धरती आबा अभियान में तेजी से कार्य करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का भुगतान प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने सागर संभाग के सभी जनजातीय कार्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के अत्याचार पीड़ितों को राहत राशि का वितरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि राहत राशि के वितरण में अनावश्यक गतिरोध उत्पन्न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। कमिश्नर ने उक्त निर्देश आज जनजातीय कार्य विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिए।बैठक में धरती आबा अभियान की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि धरती आबा अभियान शासन का अतिमहत्वपूर्ण अभियान है। इस अभियान के तहत लोगों के किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, आधार कार्ड आदि अपेक्षित संख्या में नहीं बनाए जाने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि सागर संभाग में धरती आबा अभियान के अवधारणा के अनुरूप तेजी से कार्य कराएं।

बैठक में कमिश्नर ने अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित शासकीय छात्रावासों में प्रवेश की स्थिति की जिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सागर संभाग में संचालित सभी शासकीय छात्रावासों में शत प्रतिशत सीटों पर विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को शासकीय छात्रावासों में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करें तथा छात्रावासी विद्यार्थियों को छात्रावास में मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में भी जागरूक करें। बैठक में कमिश्नर ने वन अधिकार पत्रों के वितरण की भी जिलेवार समीक्षा की।

## खबर संक्षेप

### प्रेमचंद जयंती पर प्रलेस की विचार गोष्ठी संपन्न

**सागर।** प्रगतिशील लेखक संघ की सागर इकाई की गोष्ठी गजलकार डॉ. गजाधर सागर की अध्यक्षता में प्रेमचंद जयंती पर विशेष गोष्ठी सम्पन्न हुई। इस गोष्ठी में इकाई ने अपने संस्थापक अध्यक्ष कथा सम्राट प्रेमचंद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ सुश्री शरद सिंह, पैट्रिस फुसकेले, डॉ महेंद्र खरे और कैलाश तिवारी विकल ने प्रेमचंद के लेखन की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए आलेख पढ़े। टीकाराम त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में प्रेमचंद के सागर से रिश्ते की जानकारी देते हुए उन्हें एक महान प्रगतिशील लेखक निरूपित किया। चर्चा में डॉ श्याम मनोहर सिरोठिया और लक्ष्मी नारायण चौरसिया, डां. अनिल जैन ने भी भाग लिया।

### ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में निशुल्क प्रवेश

**सागर।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय सोमनाथ पुरम रोड तिली सागर में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभिन्न कक्षाओं में द्वितीय चरण में रिक्त सीट हेतु छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जाना है। इस हेतु 16 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। संस्था में 7वी, 8वीं एवं 11वीं में प्रवेश दिया जा रहा है। संस्था में प्रवेश हेतु छात्र/छात्राओं का मप्र का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

### आबकारी टीम ने दबिश देकर जब्त की अवैध शराब

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे के मार्गदर्शन में वृत रहली में गढ़ाकोटा के बिंकी चौराहा से 49 पाव, गोपाल पिपरिया से 166 पाव, बसारी कुटी से 32 पाव एवं रामजी ढाबा रहली रोड 34 पाव एवं 03 बोतल अवैध शराब जब्त की गई जिसकी कीमत लगभग 34200 रुपए है।

### जनसुनवाई में हुई 179 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** जनसुनवाई में 179 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता सेसमस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 179 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।




## होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में किया गया पौधरोपण

**सागर।** प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के द्वारा जारी अभियान एक पेड़ मां के नाम एवं डीजी द्वारा वीसी में दिए गए निर्देशानुसार आज होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र बागखेजरा सागर में 100 फलदार एवं छायादार पौधों का वृक्षारोपण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा एवं सरपंच ग्राम बागखेजरा के आतिथ्य में किया गया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट कमान्डेंट ललित कुमार उददे, डिवीजन कार्यालय का समस्त स्टाफ एवं डिस्ट्रिक्ट कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## डॉ. दीपक पाटकर का चीन की प्रतिष्ठित पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के पूर्व शोधार्थी डॉ. दीपक पाटकर को चीन की प्रतिष्ठित चाइनीज़ एकेडमी ऑफ साइंसेज़ पोस्टडॉक्टोरल फेलोशिप प्राप्त हुई है। इसके अंतर्गत वे 18 अगस्त 2025 से फुजियान इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च ऑन द स्ट्रक्चर ऑफ मैटर, फ़ूझोऊ, फ़ुजियान प्रांत, चीन में पोस्टडॉक्टोरल शोधकर्ता के रूप में अपनी सेवाएं प्रारंभ करेंगे।

डॉ. दीपक, पिता दशरथ पाटकर एवं माता रजनी पाटकर के सुपुत्र हैं, जो ग्राम बम्होरी मानगढ़, जिला दमोह (म.प्र.) के निवासी हैं। उन्होंने



अपनी उच्च शिक्षा बी.एस. सी. और एम.एस. सी. डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर से ही पूर्ण की। इसके पश्चात उन्होंने वर्ष 2024 में डॉ. मिलिंद मधुसूदन देशमुख के मार्गदर्शन में रसायन विज्ञान में पी. एच. डी. पूरी की। उनका शोध कार्य सैद्धांतिक एवं संगणनात्मक क्वांटम रसायन विज्ञान पर केंद्रित रहा है, जिसका उद्देश्य जटिल रासायनिक अभिक्रियाओं और हाइड्रोजन बॉन्डिंग की गहन समझ विकसित करना है।इस अंतर्राष्ट्रीय अवसर से डॉ. पाटकर को उन्नत शोध में वैश्विक स्तर पर योगदान देने का मंच मिलेगा। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर शोध निर्देशक डॉ. देशमुख (वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं), रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं समस्त प्रोफेसरों तथा विश्व विद्यालय प्रशासन ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।



## रुद्राभिषेक के साथ हुआ श्रीकृणाभिषेक शिवलिंग निर्माण का आज अंतिम दिन

**सागर।** तिली रोड स्थित बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में चल रहे पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं अभिषेक पूजन कार्यक्रम में मंगलवार को रुद्राभिषेक के साथ श्री कृष्ण अभिषेक किया गया। पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि सुबह 8 बजे से 11 बजे तक रुद्री निर्माण ,11.30 बजे से 1.30 बजे तक रुद्राभिषेक एवं श्री कृष्णाभिषेक किया गया। सभी भक्तों ने ॐ नमः शिवाय का जाप करते रुद्राभिषेक किया एकादशी व्रत करने वाले श्रद्धालुओं ने ॐ नमो भगवते वासुदेवाय जाप करते हुए भगवान श्रीकृष्ण का अभिषेक पूजन किया पं.प्रदीप तिवारी द्वारा एकादशी व्रत का सामूहिक दीपदान कराया गया। बुधवार को शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम का अंतिम दिन है तय समयानुसार रुद्रीनिर्माण एवं पूजन अभिषेक किया जायेगा, कल गुरुवार को हवन पूर्णाहुति एवं कन्याभोज कराया जायेगा। मंगलवार को कार्यक्रम में एम सी दुबे, के सी व्यास, अशोक मिश्रा, के पी गांधी, देवेंद्र पटेल, विकास चौरसिया, रामकुमार तिवारी, घनश्याम चौबे, के बी खरे, आर के सोनी, सी एस झा, विजय तिवारी, वाशु शर्मा, सरोज दुबे, सीता व्यास, शारदा दुबे, ममता मिश्रा, रजनी चौबे, आभा नायक, अभिलाषा राजपूत, रेखा दुबे, सीमा यादव, रेखा ठाकुर, सीमा शर्मा, मनीषा गांधी, पिंकी गुप्ता, रश्मि शर्मा, रेशू चतुर्वेदी, संतोषी तिवारी, रेखा दुबे, प्रीति पटेल, मीरा गुप्ता, पदमा मेहता, रोशनी गुप्ता, सीमा तिवारी, सुहागरानी साहू, शिवांगी रावत, वंदना अग्रवाल, रीना खरे, रजनी गुप्ता, रजनी यादव, सुषमा भट्ट, पुष्पांजलि सेंगर, टीना चौबे, कांति विश्वकर्मा, हेमलता ठाकुर, आशा ठाकुर, रानी पटेल, बंदना पटेल, दीपिका ठाकुर, सुधा गर्ग, राधा दुबे, क्षमा ताम्रकार, प्रमिला तिवारी, पूजा पाराशर, मांडवी दुबे, उमा चौरसिया सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विश्व स्तनपान सप्ताह व मिशन शक्ति अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भरत राजपूत के मार्गदर्शन में परियोजना सागर शहरी 2 के आँगनबाड़ी केंद्र विवेकानंद वार्ड में विश्व स्तनपान सप्ताह अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे वार्ड पार्षद सुश्री याकृति जडिया, पर्यवेक्षक सुश्री संध्या दांडी, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक रक्षा दुबे एवं वन स्टॉप सेंटर के समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर द्वारा मिशन शक्ति के विभिन्न घटकों की जानकारी दी गयी हब महिला सशक्तिकरण केंद्र एवं वन स्टॉप सेंटर के बारे में विस्तार से बताया गाया, गुड़ टच बेड टच, आपातकालीन हेल्पलाइन (112),



चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), पास्को एक्ट, महिला हेल्पलाइन (181) साइबर क्राइम पर जागरूकता संवाद किया। पर्यवेक्षक सुश्री संध्या दांडी द्वारा महिला को स्तनपान का महत्व बताया गया एवं 6 माह तक केवल स्तनपान करवाने की समझाइश दी गयी, महिलाओं को पोषण पुनर्वास केंद्र के संबंध में पूरी जानकारी दी गयी एवं कमजोर बच्चों को एन आर सी में भर्ती करवाने की समझाईश दी गई। वार्ड पार्षद सुश्री याकृति जड़िया द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई एवं सभी महिलाओं को शासन द्वारा संचालित महिला केंद्रित योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं सभी को आवश्यक दस्तावेज बनवाने कहा गया ।

## विधान सभा में सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने उठाया केंद्रीय जेल के नए भवन का मुद्दा

**सागर।** विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सागर विधायक शैलेन्द्र जैन ने सागर नगर स्थित केंद्रीय जेल के नवीन भवन के निर्माण संबंधी मुद्दे को सदन में उठाया। उन्होंने पूछा कि नगर में वर्तमान में संचालित केन्द्रीय जेल के स्थान पर नई जेल का निर्माण कब और किस स्तर पर है। विधायक जैन के प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने बताया कि सागर नगर स्थित केन्द्रीय जेल के नये भवन के निर्माण की प्रक्रिया पुनर्घनत्वीकरण योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के माध्यम से प्रचलन में है। नई जेल के लिए ग्राम चितौरा में कुल 80 हेक्टेयर भूमि आवंटन हो गया है, निर्माण कार्य की डी.पी.आर. (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार कर ली गई है, अब इस प्रस्ताव को साधिकार समिति से अनुमोदन मिलना बाकी है। विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि नगर की वर्तमान केन्द्रीय जेल की स्थिति पुरानी, घनी और जनसंख्या भार से अधिक है, जिसके कारण सुरक्षा और सुविधा दोनों में कमी है। नई जेल का निर्माण कारावास सुधार, सुरक्षा की दृष्टि और शहर के सुनियोजित विकास के लिए अनिवार्य है, नए भवन का निर्माण सुधारित जेल प्रणाली, आधुनिक सुरक्षा तकनीक, और सुधारात्मक केंद्र के रूप में होगा,भूमि आवंटन और डी.पी.आर. की तैयारी यह दर्शाती है कि शासन वास्तविक निर्माण कार्य प्रारंभ करने की दिशा में अग्रसर है।



## कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतकर्ताओं को सुना, शिकायतों का किया निराकरण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने आज कलेक्टर कक्ष में सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्तियों को समक्ष बुलाकर सुना और मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर संदीप जी आर ने प्रत्येक मंगलवार की भांति इस मंगलवार को भी जनसुनवाई के पश्चात लंबे समय से सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण कराया। इस दौरान उन्होंने प्रसूति योजना का लाभ एवं संबल योजना का लाभ से संबंधित शिकायत पर अधिकारियों को निर्देश दिए प्रसूति सहायता का लाभ प्रसव होने के तत्काल बाद प्रदान किया जाए एवं सभी को संबल का लाभ मिल सके इसके लिए भी संबल योजना शिविर लगे जिससे सभी को संबल योजना का लाभ प्राप्त हो सके।कलेक्टर संदीप जी आर ने शिकायतकर्ताओं से उनकी शिकायत के संबंध में डिटेल में जानकारी ली और निराकरण कराया। संबंधित शिकायतकर्ता के द्वारा दी गई जानकारी एवं इस संबंध में की गई जांच के बाद कलेक्टर ने जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीम सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वह रेंडम रूप से शिकायतों को निकालें और शिकायतकर्ताओं से संवाद बनाए रखें। इस प्रकार से शिकायत का समय पर उचित निराकरण किया जा सकेगा। उन्होंने हितग्राहियों से उनके परिवार के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। जानकारी प्राप्त करने पर कलेक्टर श्री संदीप जी आर ने कहा कि अपनी बेटी को डॉक्टर बनना इसके लिए उन्होंने मौके पर मौजूद डॉक्टर को कहा कि आप शिकायतकर्ता की बेटी को गोद लेने और उसकी लिए अभी से उच्च पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन प्रदान करें।

### आर्ट ऑफ लिविंग के सागर चेप्टर द्वारा रूद्राभिषेक का आयोजन

## रूद्राभिषेक करने से व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान होती है: ऋषि देवदूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के सागर चेप्टर द्वारा शहर में अलग-अलग स्थानों पर 4 से 6 अगस्त रूद्राभिषेक के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज मंगलवार को ग्राम मनेशिया स्थित विचार संस्कार विद्यालय में सुबह 10.30 बजे रूद्राभिषेक का आयोजन हुआ। यह आयोजन बैंगलोर आश्रम से पधारे ऋषि देवदूत जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उनके साथ विशेष रूप से दो विद्वान इस आयोजन में सहभागी रहे।ऋषि देवदूत ने बताया कि रूद्राभिषेक एक अत्यंत प्रभावशाली वैदिक अनुष्ठान है जिसमें भगवान शिव के रूद्र रूप की पूजा विशेष विधि-विधान से की जाती है। यह अभिषेक केवल जल से नहीं, अपितु दूध, दही, शहद, घी, गन्ने का रस, बेलपत्र, पुष्प, अक्षत आदि पवित्र वस्तुओं से किया जाता है। इससे शिवजी प्रसन्न होकर अपने भक्तों को आरोग्य, शांति, समृद्धि, दीर्घायु और



आध्यात्मिक उन्नति का आशीर्वाद देते हैं। देवदूत जी ने आगे कहा, आज के समय में जब चारों ओर तनाव, चिंता और संघर्ष का वातावरण है, ऐसे में रूद्राभिषेक एक अत्यंत प्रभावकारी साधना है जो व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है।

आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक कपिल मलैया ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, अगर आप अपने भीतर की ऊर्जा को जागृत करना चाहते हैं तो ध्यान, प्राणायाम, सत्संग और वैदिक विधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने बताया कि ग्राम मनेशिया के विचार संस्कार विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। पूरे क्षेत्र में पुष्पों और दीपों से एक अत्यंत शांत, शुद्ध और आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया गया। ऋषि देवदूत जी की उपस्थिति से जनमानस में उत्साह और भक्ति की लहर दौड़ गई। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में महिलाएं, पुरुष, युवा और वृद्ध सभी ने भाग लिया। स्थानीय विद्यालयों के बच्चे भी बड़ी श्रद्धा और अनुशासन से आयोजन में शामिल हुए। विचार संस्कार विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थियों की सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

स्थानीय निवासी 90 वर्षीय कुंदनलाल रिछारिया ने कहा कि रूद्राभिषेक आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह संस्कृति, अध्यात्म, जनजागरण और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। इसमें न केवल शिवभक्तों की आस्था जुड़ी थी, बल्कि एक विचारशील समाज निर्माण की आकांक्षा भी समाहित है। इस अवसर पर प्रशिक्षक संकल्प मलैया, सुनीता अरिहंत, साक्षी दांगी, खूशबू चढ़ार, रागिनी राय आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## ओरछा रेलवे स्टेशन पर रुकेगी नई मेमू स्पेशल ट्रेन



**टीकमगढ़।** पर्यटन नगरी ओरछा को रेल यातायात से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। अब वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से ललितपुर तक चलने वाली नई मेमू स्पेशल ट्रेन 01821/01822 का ठहराव ओरछा रेलवे स्टेशन पर भी होगा। यह ठहराव भाजपा नेता विकास यादव के प्रयासों के फलस्वरूप संभव हो सका है। गौरतलब है कि रेलवे द्वारा 5 अगस्त 2025 से प्रारंभ की जा रही इस ट्रेन की सूची में शुरू में ओरछा स्टेशन का नाम शामिल नहीं था। जबकि यह ट्रेन 18 अन्य स्टेशनों पर रुकने वाली थी। इस पर आपत्ति जताते हुए विकास यादव ने मंडल रेल प्रबंधक, झांसी को पत्र लिखकर कड़ा ऐतराज़ जताया और ओरछा जैसे विश्वप्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल के महत्व को रेखांकित करते हुए ट्रेन के ठहराव की मांग की थी। भाजपा नेता विकास यादव ने अपने पत्र में यह भी याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं ओरछा को विश्व धरोहर के रूप में विकसित करने की घोषणा कर चुके हैं और केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमि पूजन अवसर पर खजुराहो से इसकी घोषणा सार्वजनिक रूप से की गई थी। केंद्र सरकार द्वारा ओरछा के लिए बजट भी आवंटित किया जा चुका है और विकास कार्य प्रगति पर हैं। हाल ही में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत ओरछा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया गया, जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं किया था। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सहयोग से पहले ही ओरछा में उदयपुर इंटरसिटी और बुंदेलखंड एक्सप्रेस का ठहराव शुरू किया जा चुका है। अब मेमू स्पेशल ट्रेन के ठहराव से ओरछा आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे प्रशासन ने विकास यादव की मांग को गंभीरता से लेते हुए संशोधित आदेश जारी कर दिए हैं। अब यह मेमू स्पेशल ट्रेन ओरछा स्टेशन पर भी रुकेगी। इस फैसले पर विकास यादव ने रेलवे प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक स्टेशन का ठहराव नहीं, बल्कि ओरछा की सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन पहचान को सम्मान देने का एक कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में ओरछा को रेल मार्ग से और अधिक प्रभावशाली रूप में जोड़ा जाएगा, जिससे बुंदेलखंड के विकास की गति और तेज़ होगी।

### कुंडेश्वर की दो घटनाओं ने पुनः उजागर की पुलिस की उदासीनता

# एसपी मंडलोई के जनहित अभियानो में दिखावटी अभिनय कर रही जिला पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में लॉ इन ऑर्डर कायम रखने के साथ साथ कई जन जागरूकता अभियानो को संचालित किया जा रहा है लेकिन लगता है कि जिले के थानो व चौकियो की पुलिस को एसपी मंडलोई के जन जागरूकता अभियानो में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसीलिए एक तरफ एसपी मंडलोई के द्वारा अभियानो को संचालित कर जनता में सामजिक बुराइयों के उन्मूलन के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा लेकिन दूसरी तरफ जिले में मारपीट, चोरी व अन्य अपराधो के घटित होने के वीडियो लगातार वायरल हो रहे। इसका सीधा सा अर्थ तो यही निकल रहा कि एसपी मंडलोई के अभियानो को जमीनी स्तर पर साकार नहीं किया जा रहा। बल्कि सिर्फ फोटो सेशन करके एसपी मंडलोई के प्रयासो में सहायक बनने का सिर्फ दिखावा किया जा रहा है। इस बात के प्रमाण भी लगातार सामने आ रहे हैं जिसमें एसपी मंडलोई के अभियानो के प्रति जिला पुलिस उदासीनता का सबूत स्वयं दे रही है। जबकि अगर एसपी मंडलोई के अभियानो के संचालन में जिले के थानो व चौकियो की पुलिस थोड़ी सी भी गंभीरता से कार्य करे तो अपराधों के वायरल वीडियो से तो जिले को निजात मिल ही सकती है।

### अभियानो की महत्वत्ता को कम आंककर सहायक बनने का पुलिसिया दिखावा

एसपी मंडलोई द्वारा जिले में जितने भी जन जागरूकता अभियान चलाकर जनता में और ख़ासकर महिलाओ व युवावर्ग में सुरक्षा व सम्मान का भरोसा जागृत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन सारे प्रयासो पर जिला पुलिस अपने उदासीन रवैये से पानी फेर रही है। प्रतिदिन अभियानो की खानापूर्ति करने के उद्देश्य से एक बैनर व कुछ लोगो को इकट्ठा करके फोटो खिचवाकर एसपी मंडलोई को भेज दी जाती है। जिसका असर ये हो रहा कि अभियानो की सफलता के वजाय बिफलता के सबूत सामने आ रहे हैं।

### जन जागरूकता अभियानो के बारे में जानकर होती है हैरानी



एसपी मंडलोई के द्वारा चलाये जा रहे बिभिन्न जन जागरूकता अभियानो में से कुछ के बारे में लिख रहा हूँ। जिनका पुलिस की उदासीनता के चलते जमीनी हकीकत से कोई मेलजोल ही नहीं हो रहा। जैसे कि जिले में ऑपरेशन सुरक्षा संकल्प चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य अपराध की संभावनाओं का प्रारंभिक चरण में उन्मूलन करते हुए असमाजिक तत्वों व संदिग्ध गतिविधियो पर नियंत्रण करके नागरिको के बीच सुरक्षा व भरोसे का वातावरण तैयार करना है। जबकि जिले में हत्या व गंभीर जानलेवा हमले जैसे अपराध लगातार घटित हो रहे हैं जिनकी प्लानिंग कई दिनों से किये जाने की बात तब सामने आती है ज़ब बो आरोपी पकड़े जाने पर स्वयं पुलिस को बताता है। इसी प्रकार एसपी मंडलोई द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सघन वाहन जांच व यातायात नियमों के प्रति लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन इसके उलट जिले में प्रतिदिन यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए दुर्घटनाओ के मामले सामने आ रहे हैं। बही पुलिस के सामने से ही ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं। लेकिन पुलिस मौन रहती है। एसपी मंडलोई द्वारा जिले में शांति एबं विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए विशेष निगरानी अभियान चलाया जा रहा। जिससे आपराधिक प्रवृत्तियों की पुनरावृति को रोका जा सके। लेकिन जिले में मारपीट के वीडियो बायरल होना बदस्तूर जारी हैं जो एसपी मंडलोई के उक्त अभियान के प्रति जिला पुलिस की उदासीनता व खानापूर्ति किये जाने का प्रतिफल है। एसपी मंडलोई सहित जिला पुलिस द्वारा महिलाओ की सुरक्षा और सम्मान का संकल्प करते हुए नीड, परी, भरोसा, सहारा व आसरा अभियान के जरिये महिलाओ में सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मान, भरोसा व आत्मविश्वास कायम करने के प्रयास किये जा रहे हैं। लेकिन जिले में रोज महिला उत्पीड़न व मारपीट एबं लूटपाट के प्रकरण सामने आकर उक्त अभियान को सीधे चुनौती दे रहे हैं।

### कुंडेश्वर में ताज़ा घटित हुए दो मामलों से अभियानों के प्रति पुलिस की मानसिकता उजागर

श्रावण के अंतिम सोमवार को कुंडेश्वर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान एसपी मंडलोई द्वारा दो पुलिस थानो व आसपास की चौकियो को सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के सख्त निर्देश दिए गये थे। साथ ही एसपी मंडलोई द्वारा समय समय पर स्वयं ब्रीफिंग भी की जा रही थी लेकिन इसके बावजूद चैन स्नेकरो ने कई श्रद्धालू महिलाओ के गले से मंगलसूत्र व सोने की चैनो को चोरी कर लिया और पुलिस अंजान बनी रही। वहीं दूसरा मामला कुंडेश्वर मंदिर के द्वार पर मारपीट का है। जहाँ बेरीकेट लगाकर पुलिस द्वारा वाहनो को सही तरीके से लगाने का कार्यक्रम किया जा रहा था। इस दौरान द्वार पर पुलिस के कई जवान मौजूद रहते हैं। लेकिन उसी जगह पर 5 से 6 युवकों द्वारा एक युवक की जमकर पिटाई की गई। लेकिन पुलिस नहीं आई। इस पिटाई का वीडियो भी बायरल हो रहा है। इस पिटाई मामले में एक और बात गौर करने लायक है कि इसमें मारपीट करने बाले अधिकांश युवक नावालिग दिख रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि सामजिक बुराइयों के खिलाफ युवाओं को जागृत कर उन्हें सभी बुराइयों से दूर रहने व अपराध की पुनरावृति न होने देने के प्रयास बाले अभियान का असर कहाँ हो रहा। जबकि युवा तो पुलिस के सामने ही मारपीट करने से बाज नहीं आ रहे।

### एसपी का अल्टीमेटम, अब आगे से वायरल वीडियो क्षेत्र के बीट प्रभारी पर होगी कार्रवाई

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंडेश्वर के दोनों मामलो को लेकर एसपी मंडलोई का गुस्सा सातवे आसमान पर है। उन्होंने एसडीओपी राहुल कटरे को उक्त दोनों मामलो की जांच व कार्यवाही के निर्देश देकर सख्त लहजे में कहा है कि अब अगर मारपीट का कोई वायरल वीडियो सामने आया तो क्षेत्र के बीट प्रभारी पर कड़ी कार्यवाही कर उसे नाप दिया जायेगा। अब मारपीट के वायरल वीडियो सामने आने पर आरोपियों पर तो कार्यवाही होगी ही। लेकिन उसके पूर्व वीट प्रभारी पर कार्यवाही की जाएगी।

### नशा विरुद्ध अभियान का मखौल उड़ाते मोहनगढ़ पुलिस का पूर्व में हो चुका है वीडियो वायरल

एसपी मंडलोई द्वारा जिले में शराब व अन्य नशीली चीजों के बिरुद्ध चलाये जा रहे अभियान का मखौल उढ़ाते हुए मोहनगढ़ पुलिस का पूर्व में एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें रील बनाने के उद्देश्य को लेकर एक महिला से हंसी मजाक करते हुए स्क्रिप्टेड कार्यवाही कर शराब पकड़ने का वीडियो पुलिस द्वारा स्वयं बनाकर वायरल किया गया था। जिसे देखकर एसपी के अभियानो के प्रति जिला पुलिस की मानसिकता उजागर हुई थी।

### जनता के बीच पहुंच कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

## जनसुनवाई सहलोक संवाद कार्यक्रम में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का स्थलीय सत्यापन एवं ग्राम वासियों की शिकायत के निस्तारण हेतु कलेक्टर विवेक श्रोतिय द्वारा प्रारंभ की गई अभिनव पहल के तहत मंगलवार को कलेक्टर श्रोतिय ने पलेरा नगर के जनपद पंचायत सभागार में आयोजित जनसंवाद सह लोक सुनवाई कार्यक्रम में एक-एक नागरिकों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये।

कार्यक्रम के दौरान नगर के व्यापारी राज दमेले के द्वारा कृषि उपज मंडी प्रांगण में खरीदी प्रारंभ करने की बात कलेक्टर के समक्ष रखी गई। उन्होंने कहा कि नगर के तमाम व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों पर मनमाने तरीके से खरीदी कर रहे हैं। जिससे गरीब किसानों का शोषण हो रहा है। नगर की वरिष्ठ नागरिकों के द्वारा कलेक्टर को जानकारी दी गई कि नगर विकास के कार्यों को टेंडर लेने के बाद भी ठेकेदारों द्वारा अब तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए गए हैं। ऐसे ठेकेदारों को तत्काल ब्लैकलिस्टेड किया जाए एवं पुनः टेंडर लगाए जाएं। ग्राम पंचायत परा के ग्रामीणों द्वारा शासकीय जमीनों पर पट्टे बनाए जाने की शिकायत पर मामले की जांच करते हुए पट्टे निरस्त किए जाने की मांग की गई। पलेरा नगर की वार्ड क्रमांक 15 में बिगत एक माह से विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने एवं विद्युत सप्लाई बंद होने की शिकायत की गई। लगातार शासकीय जमीनों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर नागरिकों के द्वारा शासकीय जमीनों से अवैध कब्जा हटाकर विकास कार्यों के लिए भूमि आबंटित किए जाने की मांग की गई। इसी के साथ लंबे समय से नगर में बस स्टैंड की समस्या को देखते हुए शासकीय महाविद्यालय के पास बस स्टैंड निर्माण एवं ऑडिटोरियम के लिए भूमि आवंटन की मांग की गई। नगर के नागरिकों के द्वारा लंबे समय से नगर में एसडीएम कोर्ट न लगने की शिकायत भी कलेक्टर से की गई। कलेक्टर विवेक श्रोतिय के द्वारा तमाम शिकायतों को तत्काल निराकृत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि नागरिकों के द्वारा दिए गए सुझावों पर निश्चित तौर पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर जतारा एसडीएमसंजय द्विवेदी, सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, नपा सीएमओ शिवि उपाध्याय समेत नगर के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### जैन समाज में आक्रोश, नाबालिग बच्ची को जान से मारने की साजिश का खुलासा

**टीकमगढ़।** जिले के बहुचर्चित एक पुराने मामले में फिर से नया खुलासा सामने आया है। जैन समाज की एक नाबालिग बच्ची, जो पहले ही एक गंभीर मामले की पीड़िता है, उसे अब सोशल मीडिया के जरिए जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। बताया जा रहा है कि जिस मामले में पुलिस ने पहले ही न्यायालय में चालान पेश कर दिया था और पीड़िता के बयान भी हो चुके हैं, उसी मामले में अब आगे होने वाले बयान न देने के लिए पीड़िता को धमकाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर आए एक मैसेज में साफ तौर पर हत्या की योजना का जिक्र है और कुछ नाम भी सामने आए हैं, जिन पर संदेह जताया जा रहा है। परिजनों का कहना है कि वे पिछले तीन दिन से कोतवाली पुलिस से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जब हालात गंभीर होते दिखे तो परिजन सीधे पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई से मिलने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी दी। इस घटना की जानकारी जैसे ही समाज में फैली, जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में एसपी ऑफिस पहुंचे और पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। समाजजनों ने प्रशासन से यह भी कहा कि पीड़िता और उसके परिवार को तत्काल सुरक्षा दी जाए और धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। पीड़िता के वकील अविरल जैन ने प्रेस से बात करते हुए कहा कि, अगर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर है, तो फिर इस मामले में अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? अगर पीड़िता या उसके परिवार के साथ कुछ गलत होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।



प्रशासन की निष्क्रियता पर उठे सवाल, आंदोलन की चेतावनी

# गायों की बदहाली पर महंत का अनोखा विरोध कलेक्ट्रेट परिसर में शिवलिंग का किया रुद्राभिषेक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में निराश्रित गोवंश की बदहाल स्थिति को लेकर बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में अनोखा प्रदर्शन करते हुए शिवलिंग की स्थापना कर रुद्राभिषेक किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से उन्होंने गोमाता के प्रति प्रशासन की असंवेदनशीलता और पशुपालन विभाग की निष्क्रियता पर सवाल उठाए। रुद्राभिषेक कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। पूजा के पश्चात महंत ने प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि जिले में गोवंश के संरक्षण हेतु ठोस व्यवस्था की जाए और घोषित गौशालाओं को केवल कागजों से बाहर निकालकर धरातल पर उतारा जाए।

### गांव-गांव गौशालाएं फिर भी सड़कों पर लाचार गोवंश

महंत ने कहा कि जिले में कई शासकीय गौशालाएं स्वीकृत हैं, फिर भी प्रमुख सड़कों और ग्रामीण इलाकों में गोवंश इधर-उधर भटक रहे हैं। इससे दुर्घटनाओं का खतरा, मानव-पशु संघर्ष और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कई सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा प्रदर्शन, आंदोलन और ज्ञापन दिए गए, लेकिन पशुपालन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। महंत ने जिला मुख्यालय से लगभग 7 किमी दूर मिनौरा स्थित भेड़ फॉर्म को गोवंश संरक्षण केंद्र में परिवर्तित करने की मांग फिर दोहराई। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर पर्याप्त भूमि है और पूर्व में भी प्रशासन ने इसे लेकर सकारात्मक संकेत दिए थे, परंतु अब तक कोई प्रगति नहीं हुई। महंत सीताराम दास ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही जिले भर में निराश्रित गोवंश के लिए उचित प्रबंधन नहीं किए गए, तो जिलेभर में व्यापक आंदोलन और धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी का सवाल है।

### पुलिस थानों में भी जनता की हुई सुनवाई, त्वरित कार्रवाई का संकल्प

# एसपी मंडलोई ने सुनी जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस और जनता के बीच की दूरी को मिटाने की एक और सार्थक कोशिश पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित इस शिविर में न केवल लोगों की बात सुनी गई, बल्कि उन्हें समाधान की वास्तविक उम्मीद भी दी गई। हालांकि ये भी सत्य है कि जिले के लापरवाह थाना पुलिस की नाकामी के चलते जनता को न्याय के लिए एसपी मंडलोई के समक्ष जाना पड़ रहा है। जिसका आभास कर एसपी मंडलोई ने उपस्थित जनसमूह की समस्याओ को सुना और त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।

शिविर में मौजूद सैकड़ों लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे कुछ के पास सालों पुरानी समस्याएं थीं, तो कुछ आज ही किसी थाने से लौटकर आए थे। लेकिन माहौल अलग था, क्योंकि सामने खड़े थे वे अधिकारी जिनके हाथों में फैसले की ताकत है और जिनकी नीयत इस बार साफ दिखाई दी। पुलिस अधीक्षक मंडलोई और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह ने न सिर्फ शिकायतें सुनीं, बल्कि प्रत्येक पीड़ित की बात को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तत्काल निर्देश भी दिए। जनता को सबसे अधिक सुकून इस बात से मिला कि उनकी बातें अनसुनी नहीं की गईं। हर शिकायत पर तत्काल जवाब, संबंधित अफसरों की कॉल और आश्वासन नहीं, बल्कि कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश यह सब कुछ उस पुलिस छवि के उलट था, जिसकी अकसर आलोचना होती है। जिला मुख्यालय और जतारा क्षेत्र के थानों में भी समान शैली में जनसुनवाई शिविर आयोजित किए गए, जहां थाना प्रभारियों ने खुद आमजन से मिलकर संवाद किया। पुलिस ने न केवल शिकायतों को दर्ज किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि अब कोई शिकायत फॉर्मेलिटी नहीं, बल्कि 'जिम्मेदारी' है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने साफ शब्दों में कहा कि पुलिस को अब जनता के और करीब जाना होगा। हर शिकायत को संवेदनशीलता और पारदर्शिता से हल करना ही उनकी प्राथमिकता है। ये शब्द सिर्फ मंच से कहे गए वाक्य नहीं थे, बल्कि जिस तरह से हर फरियादी को सुना गया, उसने यह यकीन दिलाया कि अब टीकमगढ़ की पुलिस पुराने ढर्रे से बाहर निकल चुकी है।

### नोटिस देख बदली परिभाषा, कॉलोनीनाइजर बोले हम बना रहे कॉलोनी

# एसडीएम लोकेन्द्र ने ग्रामीण क्षेत्र की 111 अवैध कॉलोनियों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जिले के अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ छेड़ी गईं मुहिम के तहत एसडीएम लोकेन्द्र सिंह सरल ने ग्रामीण क्षेत्र की अबैध कॉलोनियो के बिरुद्ध कार्यवाही करते हुए 111 अबैध कॉलोनियो खरीदी बिक्री एवं नामांतरण पर रोक लगा दी है। हालांकि इस कार्यवाही के बीच एक रोचक बात सामने आई है कि उक्त कार्यवाही के चलते जिले के अबैध कॉलोनीनाइजरो ने कॉलोनी निर्माण की परिभाषा बदलते हुए कार्यवाही से बचने का प्रयास किया है लेकिन कलेक्टर श्रोत्रिय व एसडीएम लोकेन्द्र सिंह की सख्त नीति के चलते कॉलोनीनाइजरो की एक नहीं चल रही। जिन अवैध कॉलोनाइजरों के बिरुद्ध कार्यवाही की जा रही है उन्होंने आवासीय भूखंड काटते समय शासन की गाइड लाईन का पालन नहीं किया और नगर निवेश एवं लोक निर्माण विभाग और नगरपालिका परिषद से बगैर अनुमति व अनापत्ति लिए अवैध रूप से कॉलोनी का विस्तार करते हुए प्लाटिंग की है। साथ ही कॉलोनी में नियमानुसार सड़क, बिजली, पानी, पार्क, नाली जैसी अन्य सुविधाओं का भी इंतजाम नहीं किया गया। जिसके चलते अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ मप्र भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के उपनियम 4 एवं सहपठित धारा 59, नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

| भूमि स्वामि का नाम/कालौनी विकास करने वाले का नाम | खसरा नंबर | रकवा | ग्राम |
|---|---|---|---|
| मुकेश पाठक तनय बाबूलाल पाठक निवासी टीकमगढ़ | 14/2/2/1/1/1 | 0.175 हे. | अनंतपुरा |
| संजय तनय बाबूलाल रावत निवासी टीकमगढ़ | 4/4/1/1/2 | 0.400हे. | अनंतपुरा |
| पुष्पेन्द्र, निशांत तनय स्वरूप सिंह निवासी टीकमगढ़ | 35/9/2/1 | 0.198हे | डुमरउ मोटा |
| राजेन्द्र कुमार तनय राधामोहन मिश्रा निवासी टीकमगढ़ | 94/1 | 0.085हे. | डुमरउ मोटा |
| नरेन्द्र सिंह तनय लालसिंह परिहार निवासी टीकमगढ़ | 17/2 | 0.665हे. | डुमरउ मोटा |
| नरेन्द्र सिंह तनय लालसिंह निवासी टीकमगढ़ | 31/2/1 | 0.405हे. | डुमरउ मोटा |
| शिवबहादुर सिंह तनय लालसिंह परिहार निवासी टीकमढ़ | 4/4/2 | 0.390हे. | अनंतपुरा |
| रामेश्वर तनय जयराम यादव निवासी टीकमगढ़ | 4/4/1/2 | 0.390हे. | अनंतपुरा |
| मेसर्स कान्हा प्रोपर्टीज अरविन्द तनय जयराम राय निवासी टीकमगढ़ | 163/3/1/1 | 0.258हे. | डुमरउमोटा |
| प्रवेन्द्र तनय राकेश गुप्ता | 250/4/1/1/1 | 0.763हे. | अनंतपुरा |
| अरविन्द तनय जयराम राय | 523 | 0.190हे. | अेनंतपुरा |
| सुन्दरलाल तनय बारेलाल साहू | 4/4/1/1/1/2 | 0.195हे. | अनंतपुरा |
| ओमप्रकाश तनय काशीप्रसाद दीक्षित | 111/3 | 0.486हे. | डुमरउ मोटा |
| अनुज तनय अशोक कुमार राय एवं अन्य | 230/1/2 | 1.608हे. | डुमरउ मोटा |
| आदित्य तनय प्रमोद पटैरिया | 135/2/1/1/1/1/1/1/1 | 1.718हे. | डुमरउ मोटा |
| शिवकुमार श्रीवास्तव तनय गंगाप्रसाद बख्शी | 111/3/1/1 | 0.398हे. | डुमरउ मोटा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल तनय मुन्नालाल यादव अनंतपुरा | 130/1/1 | 0.509 | अनन्तपुरा |
| हेमा पटेल पत्नी रामकिशोर कुशवाहा,डोली पत्नी पवन कुमार जैन,शहीद तनय बहीद खांन टीकमगढ | 226/262/2/1/1 | 0.768 | डुमरऊमोटा |
| सनसिटी टीकमगढ द्वारा पार्टनर सुनील तनय रामेश्वर प्रसाद ताम्रकार टीकमगढ | 103/1 | 0.541 | डुमरऊमोटा |
| जयमहाकार डेवलपर्स द्वारा दीपक तनय दुर्गाप्रसाद साहू,आशाराम तनय जगदीश विश्वकर्मा अनन्तपुरा | 569/2क/1, 545/3क/मिन–4 | 2.703 | अनन्तपुरा |
| जब्बार खां तनय नत्थू खां,शहीद खां तनय बहीद खां टीकमगढ | 233/6, 233/2/1/1 | 0.034 | डुमरऊमोंटा |
| संजय तनय रामाधीन सोनी टीकमगढ | 233/3/1/1 | 0.101 | डुमरऊमोंटा |
| पुष्पेन्द्रसिंह तनय प्रभूसिह गौर, आशा पतनी संजय धमासिया टीकमगढ | 133/2 | 1.245 | डुमरऊमोंटा |
| नीरज तनय प्रभूदयाल नायक टीकमगढ | 527/2 | 0.092 | अनंतपुरा |
| सुभम तनय राजेन्द्र कुमार सोनी टीकमगढ | 532/2/1/1/3 | 0.568 | अनंतपुरा |
| परवीन खां वेवा अब्दुल अब्बास टीकमगढ | 103/2/1/1/1 | 0.159 | डुमरऊमोंटा |
| मुईनुद्दीन तनय नईमुउद्दीन टीकमगढ | 31/3/2 | 0.405 | डुमरऊमोंटा |
| हेमा पत्नी रामकिशोर कुशवाहा,अम्रता पुत्री प्रमोदकुमार राय टीकमगढ | 228/2/3,231 | 0.078,[illegible] | [illegible]टा |
| वीरेन्द्रकुमार तनय भैरव प्रसाद राय,रियाज तनय रहमत अली, रामकिशोर तनय भगवानदास कुशवाहा टीकमगढ | 95/1 | 0.376 | [illegible]टा |
| विजय कुमार तनय कृपाराम श्रोतिय टीकमगढ | 15/2/1/2 | 0.194 | डुमरऊमोंटा |
| पंकज तनय सीताराम श्रीवास्तव टीकमगढ | 233/2/2 | 0.430 | डुमरऊमोंटा |

### नोटिस देख बदली कॉलोनीनाइजर की परिभाषा

ज़ब जिला प्रशासन द्वारा अबैध कॉलोनीनाइजरो के बिरुद्ध नोटिस की कार्यवाही की गईं तब कार्यवाही से बचने के उद्देश्य के चलते कई कॉलोनीनाइजरो ने अपने जवाब में कहा कि बो कॉलोनीनाइजर की परिधि में नहीं आते हैं क्योंकि बो सिर्फ प्लाट काटकर बेच रहे हैं। कॉलोनी का निर्माण नहीं कर रहे। कॉलोनीनाइजरो के उक्त हास्याप्रद जवाब को पढ़कर व सुनकर अधिकारी भी अचंभित हुए बिना नहीं रह सके।

### इन कॉलोनाइजरों के खिलाफ की गई कार्रवाई

एसडीएम लोकेन्द्र सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के जिन 111 कॉलोनियों पर कार्यवाही की है उनमे मुख्य नामो में शिवकुमार श्रीवास्तव, कान्हा प्रॉपर्टी अरविन्द राय, जय महाकाल डेवलपर दीपक साहू, ओमप्रकाश दीक्षित, जब्बार खान, सुनील ताम्रकार सनसिटी, पुष्पेंद्र गौर, नीरज नायक, शुभम सोनी, परवीन खान, विजय श्रोत्रिय, पंकज श्रीवास्तव, संजय नायक, आम्रपाली कंस्ट्रक्शन के साथ 111 नामो की लिस्ट है। जिन पर खरीदी बिक्री व नामांतरण किये जाने से संबंधित रोक लगा दी गईं।

### सामाजिक कल्याण विभाग और रजिस्टार कार्यालय फर्स्ट फ्लोर पर होने से परेशानी

# कलेक्ट्रेट में नहीं रैंप, दिव्यांग और बुजुर्गों को चढ़ना पड़ रही सीढ़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्ट्रेट परिसर के फर्स्ट फ्लोर पर चढ़ने के लिए न तो रैंप बनाई गई है न ही लिफ्ट लगाई गई है। जिसके कारण दिव्यांगजन और बुजुर्गों को अपने काम के लिए फर्स्ट फ्लोर पर स्थित कार्यालयों में जाने के लिए सीढ़ियां चढ़ने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि जिन कार्यालय में बुजुर्गों और दिव्यांगों को जाने की जरूरत अधिक पड़ती है वही कार्यालय फर्स्ट फ्लोर पर बनाए गए हैं जबकि दूसरे कार्यालय नीचे संचालित किए हुए।

मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे दिव्यांग बुजुर्ग राधेश्याम पुत्र प्रभुलाल कोली ने कलेक्टर से गुहार लगाई कि उसके दोनों पैर कमजोर हो गए हैं जिसके कारण उसे सहारा लेकर चलना पड़ता है हाथों से उपकरण पकड़ कर चलने में कठिनाई हो रही है कलेक्टर ने सामाजिक कल्याण विभाग को संबंधित दिव्यांग बुजुर्ग को ट्राइसिकल प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग बुजुर्ग को ट्राईसिकल लेने के लिए जिस कठिनाई का सामना करना पड़ा वह शायद वैसी कठिनाई उसने जीवन में कभी नहीं सही। फर्स्ट फ्लोर पर स्थित सामाजिक कल्याण विभाग के दफ्तर में कई सीढ़ियां चढ़कर जाना इस दिव्यांग बुजुर्ग के लिए नया अनुभव था लेकिन ट्राईसिकल मिलने की खुशी में वह सारी तकलीफों को भूलकर कहीं सीढ़ियां चढ़ गया यह तो एक बानगी भर है इस तरह तो रोज दिव्यांगजन सामाजिक कल्याण विभाग में अपने काम के लिए कई मुश्किलों से चढ़ते उतरते देखें जाते हैं। उधर जिला रजिस्टार कार्यालय में भी कई बुजुर्ग ऐसे होते हैं जो चलने की स्थिति में नहीं है लेकिन रजिस्टार कार्यालय में फोटो करवाने के लिए उन्हें सीढ़ियां चढ़ना उतरना ही पड़ता है, ऐसे चलने फिरने में असमर्थ बुजुर्गों को उनके पुत्र व परिजन गोद में उठाकर सीढ़ियां चढ़ाकर रजिस्टार कार्यालय लाते ले जाते दिखाई पड़ते हैं क्योंकि इस बिल्डिंग में रैंप भी नहीं बनाई गई है।



**रजिस्ट्री के लिए बुजुर्गों को गोद में उठाकर ले जाते हैं परिजन**

पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री करने के लिए बुजुर्गों को उपस्थित होना ही पड़ता है जो अपने नाम जमीनों को अपने पुत्रों या दूसरों को हस्तांतरित करते हैं ऐसी स्थिति में अधिकतर वह बुजुर्ग दिखाई पड़ते हैं जो जीवन के अंतिम पड़ाव पर होते हैं परिजन भी उनके स्वर्ग लोक सिधारने से पहले जमीनों का बंटवारा करने और रजिस्ट्री हस्तांतरण करने का काम करने की जल्दबाजी में रहते हैं जिसके चलते ऐसे बुजुर्ग चल भी नहीं पाते हैं। परिजनों को उन्हें गोद में उठाकर फर्स्ट फ्लोर पर स्थित रजिस्टर कार्यालय ले जाने को मजबूर होना पड़ता है।

**तो खाली हुए एसडीएम कार्यालय में शिफ्ट हो सकता था ऑफिस**

दूसरे तल पर सबसे अधिक परेशानी दिव्यांग जनों को आती है उन्हें सामाजिक कल्याण विभाग के कार्यालय में पहुंचने के लिए कई सीढ़ियां चढ़ना उतरना पड़ती है हाल ही में एसडीएम कार्यालय अपने नए भवन में शिफ्ट हो गया है और पुराने खाली हुए भवन में सामाजिक कल्याण विभाग का ऑफिस शिफ्ट किया जा सकता था पर शायद दिव्यांगजनों और बुजुर्गों से अधिक परवाह अफसर खुद की करते हैं यही सोचकर तहसील कार्यालय को फर्स्ट फ्लोर से खाली कर ग्राउंड लेवल पर बने एसडीएम कार्यालय के खाली हुए भवन में शिफ्ट कर दिया गया है जबकि तहसील कार्यालय दूसरे फर्स्ट फ्लोर पर अच्छे से संचालित हो रहा था।

**स्कूल आंगनवाड़ी पर रैंप जरूरी पर यहां क्यों नहीं**

निर्वाचन विभाग सभी मतदान केन्द्रों पर वृद्धजनों व दिव्यांगों को लाने ले-जाने के लिए सुविधाजनक रैंप बनाने तथा ट्राइसिकल आदि की व्यवस्था करने के निर्देश कलेक्टरों को दिए हैं। श्योपुर में यह सुविधा दी जा रही है लेकिन यह सुविधा सिर्फ स्कूल आंगनबाड़ी तक ही सीमित है कलेक्ट्रेट जहां कलेक्टर खुद बैठक जनसुनवाई करने के साथ न्याय कर रहे हैं लेकिन उन्हीं की बिल्डिंग में बुजुर्ग दिव्यांग जनो को किस परेशानी से जूझना पड़ रहा है शायद इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है।

**बहुत कष्टदायक**

मेरे दोनों पैर कमजोर है जिसके कारण बिना सहारे के चल नहीं पाता हूं, कलेक्टर साहब ने मुझे जनसुनवाई में ट्राईसिकल देने के निर्देश दिए थे इसलिए मुझे ट्राई साइकिल लेने के लिए दूसरे तल पर सीढ़ियां चढ़कर आना पड़ा है जो बहुत कष्ट दायक अनुभव था मेरा कलेक्टर साहब से अनुरोध है कि वह इस कार्यालय को नीचे ही शिफ्ट कर दे।

**राधेश्याम कोली**
**निवासी गुरुद्वारा के पास श्योपुर**

### तीन साल पुराने मामले में श्योपुर कोर्ट ने दिया फैसला,1 हजार का अर्थदंड भी लगाया

# पालतू कुत्ते ने काटा तो मालिक को छह माह के सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

दलित युवक को पालूत कुत्ते द्वारा काटने और इसके बारे में कहने पर कुत्ते के मालिक द्वारा जातीय अपमान करते हुए मारपीट कर देने संबंधी मामले में श्योपुर न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए पालतू कुत्ते के मालिक को छह माह का सश्रम कारावास और एक हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी है।



तीन साल पुराना यह मामला कराहल थाना क्षेत्र का है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि कराहल निवासी अनुसूचित जाति वर्ग का फरियादी 29 दिसंबर 2022 की देर शाम को जब अपनी दुकान को बंद करके घर आ जा रहा था,तभी रास्ते में मिले नितिन राजावत का पालतू कुत्ता मिला,जिसने भागकर फरियादी युवक के पैर के घुटने में काट लिया। जख्मी हालत में फरियादी युवक अपनी मां के साथ नितिन राजावत के घर पहुंचा और बोला कि तुम्हारा ये कुत्ता पहले भी लोगो को काट चुका है,इसलिए इसे बांधकर क्यों नहीं रखते। इसी बात पर आग बबूला हुए नितिन ने गाली गलौच और जातीय अपमान करते हुए फरियादी की मां की न सिर्फ मारपीट कर दी,बल्कि यह भी कह दिया कि मेरा पालतू कुत्ता तो इसी तरह काटेगा। इस मामले में कराहल थाना पुलिस ने फरियादी युवक की रिपोर्ट पर नितिन राजावत पुत्र दौलत सिंह राजावत निवासी कराहल के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में पेश कर दिया। न्यायालय ने विचारण के दौरान नितिन राजावत को दोषी मानते हुए 6 माह के सश्रम कारावास और 1 हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी।

### एकीकृत बस स्टैंड पर गंदगी से परेशान दुकानदारों और नपा ने लगाए एक-दूसरे पर आरोप

# दुकानदारों की गांधीगिरी, नपाध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि, नपा ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मंगलवार को शहर के एकीकृत बस स्टैंड में साफ सफाई न होने के कारण परेशान बने दुकानदारों ने गांधीगिरी दिखाते हुए नपाध्यक्ष की तस्वीर रखकर उस पर माला चढ़ाते हुए श्रद्धांजलि दे डाली इसकी सूचना मिलने के बाद हरकत में आए नगर पालिका प्रशासन के मदाखलत अमले ने मौके पर पहुंच कर जहां कुछ गुमठियों को जप्त करने की कार्रवाई की तो कुछ गुमठियों के मालिकों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दे डाला। दुकानदारों द्वारा की गई गांधीगिरी सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रही है।

एनएचआई द्वारा बनाए जा रहे रोड के कारण बस स्टैंड से हाईवे की ऊंचाई अधिक हो गई है हालांकि साइड में नाले बनाए गए हैं लेकिन पानी का निकास नहीं होने के कारण बस स्टैंड के भीतर गंदा पानी भर गया है। कुछ दुकानदार जो गुमटियां रख कर व्यवसाय करते हैं का कहना है कि यह पानी नगर पालिका के शौचालय से आ रहा है शौचालय वाले गंदे पानी को बस स्टैंड के भीतर डाल रहे हैं निकास नहीं होने से मलमूत्र युक्त इस पानी का तालाब बन गया है जिससे ग्राहकों और यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सफाई नहीं होने पर मंगलवार को दुकानदारों ने वही एक दुकान पर नपा अध्यक्ष का फोटो रखते हुए उस पर माला चढ़ा दी और श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम भी आयोजित कर डाला। इस तरह के कार्यक्रम की सूचना मिलने पर नगर पालिका के मदाखलत अमले ने तुरंत हरकत में आते हुए न सिर्फ श्रद्धांजलि देने वाली तस्वीर को हटाया बल्कि गुमठियों को जप्त करने और हटाने की कार्रवाई भी शुरू कर दी।

**नपाध्यक्ष ने एफआईआर दर्ज करवाने दिया आवेदन**

उधर में नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने बस स्टैंड पर दुकानदारों द्वारा की गई गांधीगिरी पर आपत्ति जताते हुए पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने आवेदन दिया है। आवेदन में दुकानदार आशीष सेन को कांग्रेस सेवा दल का नेता बताते हुए घोर आपत्तिजनक पोस्ट डालने तथा नपा स्वामित्व वाले सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड पर अतिक्रमण करने का उल्लेख करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।



**नहीं की जाती सफाई**

बस स्टैंड के भीतर विगत कई दिनों से गंदे पानी का तालाब भरा हुआ है यह गंदा पानी नगर पालिका के शौचालय से बहाया जा रहा है हमने सीएमओ और एचओ से भी सफाई करने को कहा लेकिन नगर पालिका में सफाई नहीं की जिसके चलते हमें श्रद्धांजलि देने जैसी गांधीगीरी करनी पड़ी। नपा बड़े सेठियाओ को लाभ देने के लिए छोटे गरीब दुकानदारों को उजाड़ने का काम कर रही है।

**आशीष सेन**
**स्थानीय दुकानदार**

बस स्टैंड के भीतर दुकान होने के बावजूद लोगों ने रोड पर गुमठियां रखी हुई है जिससे यात्रियों और यात्री वाहनों को परेशानी होती है इसकी शिकायत मिलने पर सीएमओ आरआर यादव के निर्देश पर बस स्टैंड के भीतर अतिक्रमण कर रखी गई गुमठियों और हाथ ठेलों को हटाने, बस स्टैंड को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान आज से शुरू किया गया है।

**सत्यभानू जाटव**
**हेल्थ ऑफिसर श्योपुर**

### हवा लटका सफ़र, अटकी सांसे



**श्योपुर।** श्योपुर सवाई माधोपुर हाईवे पर तेज दौड़ता सफर कितना खतरनाक हो सकता है इसकी बानगी मंगलवार को बगडुआ गांव के पास बने ओवरब्रिज पर तब देखने को मिली जब लोहा सरिया से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पुलिया की रैलिंग को तोड़ते हुए नीचे कूद गया,गनीमत यह रही की ट्रैक्टर नीचे गिरने के बजाए हवा में लटक रह गया जिससे ट्रैक्टर में सवार ड्राइवर को कूद कर जान बचाने का अवसर मिल गया अन्यथा जनहानि संभव थी। इस तरह के लापरवाही भरे हादसे इस हाइवे पर अब रोज अनियंत्रित ड्राइविंग की वजह से देखने को मिलेंगे, खासकर ओवरलोड वाहनों के कारण। पुलिस प्रशासन को इस मामले को लेकर जागरूकता बरतने की जरूरत है।

# रायपुरा के हाईस्कूल में पहुंची पुलिस,बच्चों को किया जागरूक



**श्योपुर।** यातायात थाना पुलिस ने मंगलवार को एसपी वीरेन्द्र जैन के निर्देश पर ग्राम रायपुरा के शासकीय हाईस्कूल में पहुंची। स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए 150 बच्चों को ट्रैफिक प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने राहवीर योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना, साइबर सुरक्षा, नवीन आपराधिक कानून, गुड टच बेड टच,नशे के दुष्प्रभावों तथा यातायात नियमों के के बारे में बताते हुए जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महिला थाना टीआई यासमीन खान, निरीक्षक सुधीर हिन्नारिया मौजूद तथा स्कूल प्राचार्य व शिक्षक भी मौजूद थे।

# छोटे भाई की विधवा पत्नी को पीटा, पुलिस ने जेठ पर दर्ज की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जमीन जोतने संबंधी बात को लेकर एक जेठ ने अपने छोटे भाई की विधवा पत्नी की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र के सामरसा गांव का है। मानपुर थाना पुलिस ने जेठ के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम सामरसा निवासी महिला निरमा बाई पत्नी स्व बृजेश मीणा का खेत का रास्ता उसके जेठ महेश मीणा के खेत से होकर जाता है,लेकिन जेठ अपने खेत से जुताई करने के लिए ट्रैक्टरों को नहीं निकलने देता है। यह बात जब निरमा बाई ने अपने जेठ से कही कि तुम मेरे खेत पर ट्रैक्टर क्यों नहीं जाने देते हो,तुम्हारी वजह से हमारा खेत खाली रह गया है। इसी बात पर जेठ महेश ने विवाद करते हुए महिला निरमा बाई की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने निरमा बाई की रिपोर्ट पर जेठ महेश के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

**इधर पिता के घर जाने पर पत्नी की कर दी मारपीट**

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव रामबाडी में एक महिला की उसके पति व अन्य ससुरालीजनों ने पिता के घर जाने की बात पर मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि ग्राम रामबाडी निवासी महिला फूलवती बंजारा पत्नी सोनू बंजारा का मायका और ससुराल रामबाडी में ही है। बीते रोज वह अपनी ससुराली से अपने पिता के घर चली गई थी,इसी बात को लेकर पति सोनू बंजारा तथा प्रकाश बंजारा, गिर्राज बंजारा ने मिलकर महिला फूलवती बंजारा की डंडो से मारपीट कर दी। पुलिस ने फूलवती की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

# भारत रक्षा मंच श्योपुर की नई जिला कार्यकारिणी गठित, बंशीधर बने अध्यक्ष

**श्योपुर।** भारत रक्षा मंच जिला श्योपुर की एक बैठक श्रीरामधर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें मंच की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया सर्व सम्मति से गठित कार्यकारिणी में निर्देशक डॉ ओपी टकसाली, सेवा निवृत्त टीआई शिशुपाल मीणा, लक्ष्मण मुखीजा, अध्यक्ष बंशीधर शर्मा, उपाध्यक्ष शंभूदयाल जागा, हेमंत जाधव,महामंत्री गजानंद राठौर एड, संगठन मंत्री महेश सिंहल,जिला संयोजक पूरन वर्मा एड,पुरषोत्तम सराफ को नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त कार्यकारिणी पदाधिकारियों ने मंच के राष्ट्रीय संयोजक सूर्यकांत केलकर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नगर कार्यकारिणी का गठन जल्द किए जाने की बात कही है।

# बड़ौदा की जल भराव समस्या का स्थाई समाधान के लिए करें प्लानिंग:तोमर





**जनप्रतिनिधियों और अफ़सरों के साथ विधानसभा अध्यक्ष ने बाढ़ राहत कार्यों पर की चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

2021 में आई बाढ़ के कारण लोग जागरुक थे इसलिए इस बार उन्हें अधिक नुकसान नहीं उठाना पड़ा। बाढ़ जैसी आपदाएं प्राकृतिक होती हैं इन्हें रोका नहीं जा सकता पर उनके नुकसान को कम जरूर किया जा सकता है। बड़ौदा नगर में जल भराव की समस्या समस्या हमेशा की है और आगे भी रहेगी इस समस्या से स्थाई रूप से लोगों को निजात मिल सके इस उद्देश्य से कलेक्टर ऐसी प्लानिंग के साथ डीपीआर तैयार करवाएं जिससे इस समस्या का स्थाई समाधान हो सके। यह प्लानिंग स्थाई होना चाहिए इस मामले में मुझसे जो बन पड़ेगा मदद करूंगा। यह बात मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बाढ़ राहत कार्य की समीक्षा करते हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों और अफसरों को संबंधित करते हुए कही। इस दौरान उनके साथ जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला भी मौजूद थे।

बाढ़ राहत कार्य की समीक्षा के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने उन्हें बताया कि एनएचआई द्वारा जो रोड निर्माण किया गया है उसकी वजह से भी शहर श्योपुर में भराव की स्थिति अधिक हुई है कुछ जगहों पर पुलिया निर्माण किए जाने की जरूरत है। बड़ौदा में जल भराव की समस्या विकराल होती जा रही है इसके स्थाई समाधान की आवश्यकता है विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा के बाद जितनी जल्दी हो सके पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम किया जाना चाहिए इसलिए विगत दिनों आई बाढ़ के बाद जो लोग प्रभावित हुए हैं उन्हें नियमानुसार राहत प्रदान करने की कार्रवाई अभिलंब की जाए। इस दौरान प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया कि वह मुख्यमंत्री से मिलकर श्योपुर के साथ-साथ भिंड और मुरैना जिले में भी अति वर्षा से हुए नुकसान का सर्वे करा कर मुआवजा दिलवाने का काम करें। विधानसभा अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण सहित अन्य भाजपा नेताओं जन प्रतिनिधियों द्वारा सुझाए गए सभी उपायों पर गंभीरता से विचार करते हुए उन्हें पूरा कराने का प्रयास करेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, बाबू लाल मेवरा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान, जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई, जिप उपाध्यक्ष नीरज जाट, नपाध्यक्ष रेनू राठौर,वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नारायण गुप्ता, पूर्व नपाध्यक्ष ओम राठौर, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट, अशोक गर्ग आदि मौजूद थे।

**सुंडी के विस्थापितों के रेस्क्यू पर चौंके विधानसभा अध्यक्ष**

समीक्षा के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सुंडी गांव का जिक्र करते हुए कहा कि सुंडी गांव को हमने स्थापित कर दिया है इस बार तो वहां कोई बाढ़ में फंसा नहीं होगा? इस पर जिला पंचायत सीईओ अतेंद्र सिंह गुर्जर ने उन्हें बताया कि सुंडी गांव में 40 ग्रामीण बाढ़ में फंस गए थे जिन्हें रेस्क्यू कर निकलना पड़ा। इस पर विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने कहा कि जब उन्हें दूसरी जगह विस्थापित कर दिया है रहने को घर और खेती करने को जमीन उपलब्ध करा दी गई है तो वह वहां क्यों रह रहे हैं। उन्हें समझाएं कि वह जोखिम वाले क्षेत्र में न रहे ताकि शासन प्रशासन को भी बार-बार परेशान ना होना पड़े।

### मरीजों के साथ डॉक्टरों को भी मिलेगी सहूलियत,वीसी के माध्यम से होगी पेशी

# अब जिला अस्पताल में ही होगी डॉक्टरों की कोर्ट पेशी, बनेगा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जिला अस्पताल में अब डॉक्टरों को विभिन्न न्यायालयीन मामलों में होने वाली पेशी में शामिल होने के लिए चिकित्सकीय कार्य छोड़कर न्यायालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। इसके लिए जिला अस्पताल में ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनाया जाएगा। जहां डॉक्टर निर्धारित तिथि और समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय की पेशी में सम्मिलित होंगे। इससे जहां डॉक्टरों को न्यायालय पहुंचकर पेशी के समय का इंतजार करने की समस्या दूर होगी तो वहीं दूसरी ओर डॉक्टर के पेशी पर जाने के दौरान इंतजार करने वाले मरीजों की परेशानी भी खत्म हो जाएगी।

दरअसल घटना दुर्घटना के साथ ही हत्या एवं अन्य अपराध के मामले में पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों को केस की सुनवाई के दौरान न्यायालय में उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज कराने पड़ते है। अभी न्यायालय में आने वाले लगभग ज्यादातर मामलों में डॉक्टरों को इसके लिए ओपीडी में मरीजो को देखने सहित अन्य विभागीय कामकाज को छोडकर कोर्ट पेशी में शामिल होने के लिए जाना पड़ता है। इसके लिए जहां डॉक्टरों को कोर्ट में इंजतार करना पडता है,वही अस्पताल में मरीजों को भी इलाज के लिए परेशान होना पडता है। इसी परेशानी से निजात दिलाए जाने के मकसद से जिला अस्पताल से ही कोर्ट पेशी अटेंड किए जाने के लिए वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनाए जाने की कवायद शुरू हो गई है। इस वीसी रूम के बनने के बाद अस्पताल के डॉक्टर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिना कोर्ट पहुंचे ही न्यायालय की कार्रवाई में सम्मिलित हो सकेंगे।




**जिस दिन होती है कोर्ट पेशी,उस दिन परेशान होते हैं मरीज**

जिला अस्पताल में पदस्थ किसी डॉक्टरों को जब कोर्ट पेशी में शामिल होने के लिए न्यायालय जाना पडता है,उस दिन में इलाज के लिए जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को संबंधित डॉक्टर के ओपीडी में नहीं मिलने के कारण खासी परेशानी उठानी पडती है। कई बार तो स्थिति यह बन जाता है कि कोर्ट पेशी में शामिल होने के लिए न्यायालय जाने वाले डॉक्टरों को कोर्ट में अपने बयान दर्ज कराए जाने के दौरान इतना समय लग जाता है कि अस्पताल में मरीजों को ओपीडी में देखने का समय ही निकल जाता है,ऐसी स्थिति में ओपीडी में मरीजो को घंटो इंतजार करने के बाद भी बिना इलाज ही घर लौटने को विवश होना पड जाता है।

**अस्पताल में पहुंचा सिस्टम,सीएस कक्ष के पास बनेगा वीसी रूम**

अस्पताल प्रबंधन की माने तो कोर्ट पेशी में शामिल होने में डॉक्टरों को सुविधा हो और मरीजो को भी परेशानी नहीं उठानी पडे,इस उद्धेश्यम से न्यायालय के द्वारा जिला अस्पताल में कोर्ट पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनाए जाने की कवायद की जा रही है। इसके लिए न्यायालय की ओर से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान लगने वाला सिस्टम जिला अस्पताल में पहुंचा दिया गया है। वहीं सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल ने भी इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए अपने कक्ष के नजदीक ही वीसी रूम में तैयार करवाया जा रहा है। जिसके तैयार होने के बाद उसमें न्यायालय के द्वारा भेजा गया सिस्टम लगा दिया जाएगा।

**सिस्टम आ चुका**

जिला अस्पताल में वीसी रूम बनाया जाएगा। इसके लिए न्यायालय की ओर से सिस्टम भी उपलब्ध कराया जा चुका है।वीसी रूम बनने के बाद अस्पताल के सभी चिकित्सक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही न्यायालय की कार्रवाई में सम्मिलित होंगे। इससे चिकित्सकों के समय की बचत होगी और मरीजों को भी इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन,श्योपुर**

## खबर संक्षेप

### मध्य-प्रदेश गौ सेवक संघ के जिलाध्यक्ष अमित रजक बने



**शिवपुरी।** जिले के समस्त जिला गौसेवकों की सहमति से एवं प्रदेश के अध्यक्ष राजेश धौलपुर प्रदेश महामंत्री अशोक पाटीदार संगठन महामंत्री दिनेश धाकड़ उपाध्यक्ष दीनदयाल पांडे और प्रदेश की पूरी कार्यकारिणी की सहमति से और शिवपुरी के जिले के समस्त गौ सेवकों की उपस्थिति में शिवपुरी जिले के जिला अध्यक्ष अमित रजक को नियुक्त किया गया है और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और समाजसेवी, पत्रकार बंधुओं ने बधाई दी।

### पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन आवेदन 20 तक मांगे

**शिवपुरी।** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीन आवेदन हेतु संचालित एमपीटास पोर्टल पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 पर विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन भरने हेतु पोर्टल एक बार पुनः खोला गया है। आनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 20 अगस्त है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि ऑनलाईन छात्रवृति हेतु जिले के समस्त शासकीय अशासकीय महाविद्यालय विश्वविद्यालय आईटीआई में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के जिन छात्र-छात्राओं द्वारा एमपीटास पोर्टल पर पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के नवीन आवेदन ऑनलाइन नही भरे गये हैं। ऐसे सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा आवेदन समयावधि में अनिवार्य रूप से भरे दिये जाये। साथ ही जिले की समस्त महाविद्यालयीन संस्थाएं अपनी संस्था में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के छात्र.छात्राओं को सूचित करे तथा समयावधि में छात्रवृत्ति आवेदन भरवाना सुनिश्चित करे।

### सुरक्षा जवान एवं सुपर वाइजर भर्ती कैंप आज जपं खनियांधाना में

**शिवपुरी।** जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 6 अगस्त को सुबह 11 बजे से सायं 3 बजे तक जनपद पंचायत खनियांधाना आजीविका मिशन में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप सिक्योरिटी फोर्स की कंपनी एसएससीआई एसआईएस जिला नीमच द्वारा, जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कमांडेंट राकेश चौधरी ने बताया कि कैंप के माध्यम से चयनित युवाओं को एक माह का निःशुल्क प्रशिक्षण उदयपुर में दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें औद्योगिक क्षेत्रों, ऐतिहासिक स्थलों और प्रतिष्ठानों जैसे दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर किला, चित्तौड़ दुर्ग, झांसी का किला, खजुराहो मंदिर, बागेश्वर धाम, अयोध्या राम मंदिर, भोपाल मंडीदीप, ताजमहल आगरा, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, सांची स्तूप आदि स्थानों पर स्थायी नौकरी दी जाएगी। इन नियुक्तियों में 14,000 से 18,000 तक मासिक वेतन के साथ पीएफ पेंशन, ग्रेच्युटी, मेडिकल सुविधाएं दी जाएंगी।

### सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई का करैरा में नहीं कोई महत्व

# समय सीमा में एसडीएम सहित अधीनस्थ भी गायब, अब कौन करे जन की सुनवाई?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जनसुनवाई योजना, जो प्रत्येक मंगलवार को सभी सरकारी कार्यालयों में आयोजित की जाती है, का उद्देश्य जनता की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है। शिवपुरी जिले के करैरा में भी यह व्यवस्था लागू है, जहां सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई का समय निर्धारित है। अधिकारियों को सुबह 10 बजे तक कार्यालय पहुंचने के निर्देश हैं, ताकि जनता की समस्याओं का समय पर निपटारा हो सके। लेकिन करैरा में इस योजना की स्थिति चिंताजनक है। जनसुनवाई के दिन भी तहसील, एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार कार्यालयों में अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। यह लापरवाही न केवल प्रशासनिक ढांचे की कमजोरी को उजागर करती है, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही की कमी को भी दर्शाती है। करैरा जैसे क्षेत्रों में, जहां लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन पर निर्भर हैं, ऐसी उदासीनता से जनता का विश्वास डगमगा रहा है।





#### एसडीएम रीडर की जगह कोटवार कर रहा था ऑफिशियल कार्य

जनसुनवाई के दिन करैरा तहसील के दौरे के दौरान कार्यालयों की स्थिति निराशाजनक थी। एसडीएम कार्यालय में, जहां रीडर का डैशबोर्ड और न्यायालय होता है, वहां रीडर की कुर्सी पर एक कोटवार बैठा मिला, जो लंबे समय से वहां कार्यरत है। जनसुनवाई के लिए निर्धारित हॉल खाली पड़ा था, और रीडर, स्टेनो सहित अन्य कर्मचारी गायब थे। केवल नायब तहसीलदार कार्यालय में एक कर्मचारी, लोकेंद्र श्रीवास्तव, उपस्थित मिले। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि जनसुनवाई के प्रति अधिकारियों का रवैया कितना लापरवाह है। जब मंगलवार जैसे विशेष दिन, जो जनता की समस्याओं के लिए समर्पित है, में भी अधिकारी समय पर नहीं पहुंचते, तो अन्य दिनों में कार्यालयों की स्थिति का अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है। इस अनदेखी का सबसे अधिक नुकसान आम जनता को उठाना पड़ता है, जो अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर काटती है।

#### ई अटेंडेंस व्यवस्था की उठी मांग

इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार जरूरी है। अन्य विभागों में ई-अटेंडेंस प्रणाली लागू होने से कर्मचारियों की उपस्थिति में सुधार देखा गया है, लेकिन करैरा तहसील में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। यदि यहां भी ई-अटेंडेंस लागू किया जाए, तो अधिकारियों की उपस्थिति पर नजर रखी जा सकती है। साथ ही, जनसुनवाई को प्रभावी बनाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश और अनुपस्थिति पर कठोर कार्रवाई की जरूरत है। प्रशासन को यह समझना होगा कि जनसुनवाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक समस्याओं को हल करने का मंच है। यदि करैरा में इस योजना को गंभीरता से लागू किया जाए, तो न केवल जनता का प्रशासन पर भरोसा बढ़ेगा, बल्कि प्रशासनिक कार्यकुशलता भी बेहतर होगी। अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और जनता की सेवा के लिए समयबद्धता और समर्पण दिखाना होगा।

### कुल 309 आवेदन प्राप्त, संबंधितों को भेजे

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजन की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु आज कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष शिवपुरी में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 309 आवेदन प्राप्त हुएए जिनमें मुख्य रूप से भूमि संबंधी विवाद, पट्टा वितरण, प्रधानमंत्री आवास, विद्युत बिल सुधार, पेंशन स्वीकृति, श्रमिक पंजीयन, राजस्व, आवास, राशन, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, नामांतरण, सीमांकन, रोजगार आदि विषयों से जुड़े प्रकरण शामिल थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर चौधरी स्वयं आवेदकों के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं और प्रत्येक आवेदन की जानकारी लेते हुए तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं पारदर्शी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसुनवाई को आमजन से सीधा संवाद और समाधान का प्रभावी माध्यम माना गया है। जिसमें हर मंगलवार को नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत होते हैं। जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन की मॉनीटरिंग की जाएगी और निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित हो। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, डिप्टी कलेक्टरगण सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



## शिवहरे ने जन समस्या निवारण शिविर लगाकर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस।

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने नगर परिषद कार्यालय में मंगलवार को जन समस्या निवारण शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया इस दौरान कई वार्डों के लोग अपनी शिकायत लेकर नगर परिषद पहुंचे जिसे गंभीरता से सुनते हुए कोलारस पूर्व नपं अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने शिकायतों के निराकरण के आदेश नपा कर्मियों को दिए जन समस्या निवारण शिविर में विभिन्न प्रकार की शिकायते लेकर आमजन पहुंचे जैसे नवीन आवास, पेंशन, राशन पर्ची, कुटीरों की दूसरी व आखिरी किश्त समस्या अधिक रही।

### भाजपा मंडल कोलारस की कामकाजी बैठक होटल फूलराज में हुई सम्पन्न



**कोलारस।** कोलारस नगर की होटल फुलराज में भारतीय जनता पार्टी मंडल कोलारस मंडल की कामकाजी बैठक रखी गई जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों ने सर्वप्रथम पार्टी के पितृ पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल जी की छायाचित पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम हर घर तिरंगा व तिरंगा यात्रा को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित यादव एजनपद पंचायत अध्यक्ष भरत सिंह चौहानएतिरंगा अभियान के प्रभारी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र शिवहरेएभाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चीमाएभाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह कुशवाह रहे। कार्यक्रम में मंच का संचालन मंडल महामंत्री दीपक जैन व आभार व्यक्त महामंत्री नवल सिंह सोलंकी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कार्य समिति सदस्य ओपी भार्गव, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिखर धाकड़, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वलवीर निवौरिया, सिंधिया फ़ैंस क्लब जिलाध्यक्ष पवन शिवहरे, जगदीश जादौन, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति रूद्राक्ष गौड़, मंडल उपाध्यक्ष देश पाल सिंह राजावत, मंडल उपाध्यक्ष राम सडैया, कोषाध्यक्ष हरवीर धाकड़ सहित मंडल के पदाधिकारी पार्षद गण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सेना में जाने का सपना लिए दौड़े युवा, 295 ने तय की पहली बाधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के अंतर्गत आज भर्ती रैली का दूसरा दिन आयोजित हुआ। भर्ती प्रक्रिया में मध्यप्रदेश के छतरपुर एवं भिंड जिलों के युवा अभ्यर्थियों ने भाग लिया और अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। आज मंगलवार को आयोजित इस भर्ती रैली में कुल 628 अभ्यर्थी उपस्थित हुएए जिनमें से छतरपुर जिले से 238 तथा भिंड जिले से 390 युवा शामिल हुए। इन सभी युवाओं ने निर्धारित दौड़ परीक्षा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें कुल 295 युवाओं ने दौड़ परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। दौड़ पास करने वाले अभ्यर्थियों को अब शारीरिक दक्षताए कागजी परीक्षण एवं चिकित्सकीय जांच की अगली प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। भर्ती रैली का आयोजन जिला प्रशासन शिवपुरी एवं सेना भर्ती कार्यालय ग्वालियर के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं योग्यता आधारित है। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े अथवा जालसाजों से सावधान रहें एवं केवल अपनी मेहनत और क्षमता के बल पर ही चयन प्रक्रिया में भाग लें।

### संगठन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ आयोजित

## अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक्स आईएपी के अध्यक्ष डॉ. निसार अहमद नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक्स आईएपी जिला शिवपुरी शाखा का शपथ ग्रहण एवं सीएमई ;कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रम टूरिस्ट विलेज में आयोजित किया गया। समारोह में डॉ. निसार अहमद को अध्यक्ष एवं डॉ. प्रियंका बंसल को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. डी परमहंस एवं सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषिश्वर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजय गौर, डॉ. सुहास धोंडे, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. आशुतोष चौऋषि व डॉण जेसी गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

मेडिकल कॉलेज पीडियाट्रिक विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका गर्ग ने आईएपी की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संगठन बच्चों के स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से अहम भूमिका निभा रहा है। समारोह में वक्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने और जरूरतमंद बच्चों की सहायता हेतु प्रतिबद्धता जताई। अंत में डीन डॉ. डी परमहंस ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

## बायोमैट्रिक के बाद राशन की ना दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हितग्राहियों को समय पर और पूर्ण राशन प्राप्त होए इस उद्देश्य से कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में यह बात सामने आई है कि कुछ उचित मूल्य दुकान संचालक हितग्राहियों से एक दिन पूर्व ही बायोमैट्रिक अंगूठा लगवा लेते हैं और दूसरे दिन उन्हें राशन न देकर दुकान से वापस भेज देते हैं। यह न केवल अनुचित है। बल्कि हितग्राहियों के अधिकारों का उल्लंघन भी है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में समस्त शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रबंधकों और विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिस दिन हितग्राही दुकान पर उपस्थित होए उसी दिन उसे संपूर्ण निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न प्रदाय किया जाए। कोई भी विक्रेता यदि बायोमैट्रिक एक दिन पूर्व करवा कर राशन वितरण से वंचित करता है अथवा राशन कम मात्रा में वितरित करता हैए तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3-7 की कठोर कार्रवाई होगी।

#### शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था

हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि वह इस तरह की शिकायतें खाद्य विभाग पुरानी तहसील शिवपुरी कार्यालय में कंट्रोल रूम कक्ष क्रमांक 02 में तथा जनपद स्तर पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को उनके मोबाइल नं. पर भी समस्याओं से अवगत कराया जा सकता है। जिसमें जनपद शिवपुरी एवं पोहरी के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जसराम जाटव मो. 998140983, जनपद कोलारस एवं बदरवास के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गौरव कुमार कदम मो 7770981494, जनपद करैरा एवं नरवर के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी नरेश मांझी मोण 91317632085 एवं जनपद पिछोर एवं खनियाधाना के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जगदीप सिंह 7999842636 को नियुक्त किया गया है। आमजन से अपील की गई है कि वे बायोमैट्रिक सत्यापन केवल खाद्यान्न प्राप्त करते समय ही कराएं एवं यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता होती है तो तुरंत संबंधित अधिकारी को अवगत कराएं।

### खनियाधाना में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के दो अभियुक्तों को एक-एक वर्ष का कारावास और अर्थदंड

**खनियाधाना।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी खनियाधाना ने पुरानी रंजिश के चलते मारपीट के एक मामले में दो अभियुक्तों, पर्वत सिंह लोधी (48 वर्ष) और अजय सिंह लोधी (26 वर्ष), निवासी पाती चक्क, थाना मायापुर, को दोषी ठहराया है। दोनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 325/34 के तहत 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास और 1000-1000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। यह फैसला सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री कल्याण सिंह की प्रभावी पैरवी के आधार पर लिया गया। घटना 5 सितंबर 2020 की रात करीब 10 बजे की है, जब फरियादी अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी उसके पड़ोसी पर्वत सिंह और अजय सिंह ने पुरानी रंजिश के कारण उससे गाली-गलौज शुरू कर दी। फरियादी ने जब गालियां देने से मना किया, तो पर्वत सिंह ने लाठी से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसकी पीठ और दाहिने कंधे में गंभीर चोटें आईं। इसके बाद अजय सिंह ने फरियादी को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया, जिससे उसके दाहिने पैर की जांघ में भी मूंदी चोट लगी। घटना के समय तूफान सिंह लोधी और कमल सिंह लोधी मौके पर मौजूद थे, जिन्होंने घटना को देखा और बीच-बचाव कर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। फरियादी की शिकायत के आधार पर थाना मायापुर में अपराध क्रमांक 204/20 दर्ज किया गया, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 325, 504/34 के तहत मामला लेखबद्ध हुआ। पुलिस ने विवेचना पूरी कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय खनियाधाना में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री कल्याण सिंह ने ठोस तर्क और सबूत पेश किए, जिसके आधार पर न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर भर्ती कैंप संपन्न

# 13 चयनितों को 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी




भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषदए नई दिल्ली एवं भारत सरकार के पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय शिवपुरी के सहयोग से आज सिक्योरिटी स्किल काउंसिलिंग इंडिया लिमिटेड, उदयपुर द्वारा सुरक्षा जवान और सुपरवाइजर पद हेतु भर्ती कैंप का आयोजन रोजगार कार्यालय शिवपुरी में किया गया। इस भर्ती कैंप में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के कुल 40 शिक्षित युवाओं ने भाग लिया। भर्ती अधिकारी सुरेंद्र कुमार उदयपुर द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर 13 युवाओं का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया जिला रोजगार अधिकारी बीएनएसण मीणा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। जिले के सभी 8 ब्लॉकों में 25 जुलाई 2025 से 05 अगस्त 2025 तक रोजगार मेले शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एसआईएस में भर्ती हेतु कुल 265 पंजीयन किया गया। जिसमें से शैक्षणिक योग्यता तथा शारीरिक माप दण्ड के आधार पर कुल 87 आवेदकों का प्राथमिक रूप से एसआईएस सिक्योरिटी फो र्स उदयपुर द्वारा चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को एक माह का प्रशिक्षण उपरांत उन्हें 65 वर्ष तक स्थायी नियुक्ति प्रदान की जाएगी। नियुक्तियां दिल्ली का लाल किला, चित्तौड़गढ़ किला, झांसी किला, बागेश्वर धाम, भोपाल मंडीदीप, खजुराहो मंदिर, अयोध्या राम मंदिर, सांची स्तूप, आगरा का ताजमहल, ग्वालियर किला, एसबीआईए आईडीबीआई बैंक जैसे प्रतिष्ठित औद्योगिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर की जाएंगी।

## रक्षाबंधन पर सर्किल जेल शिवपुरी में निरुद्ध बंदियों की खुली मुलाकात के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी।

सर्किल जेल शिवपुरी के जेल अधीक्षक द्वारा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर सर्किल जेल शिवपुरी एवं अधीनस्थ आने वाली जिला जेल गुना, अशोकनगर, श्योपुर एवं सब जेल पोहरी, कोलारस, पिछोर, करैराए चांचौडा में निरुद्ध बंदियों की 9 अगस्त को होने वाली खुली मुलाकात के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है।

जारी निर्देशों के तहत पुरुष बंदियों से मुलाकात राखी बांधने हेतु उनके परिवार की केवल महिला सदस्यों व 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों को ही जेलगेट के अंदर प्रवेश दिया जायेगा। बंदी से मुलाकात का समय अधिकतम 10 मिनट निर्धारित किया गया है। समय पूर्ण होने उपरांत मुलाकाती परिजन को स्वतः जेल से प्रस्थान करना होगा। मुलाकात का समय प्रातः 09.30 से दोपहर 2.30 बजे तक रहेगा। बंदियों के परिजन पहचान हेतु जैसे आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पेनकार्ड आदि में से कोई एक अनिवार्य रूप से साथ लेकर आए।

अपने-अपने कीमती सामान पर्स, मोबाईल, रूपया.पैसे इत्यादि अपने परिजन को बाहर देकर ही जेल गेट पर प्रवेश करें। उक्त सामग्री जेल के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी एवं किसी भी सामग्री के खो जाने या गुम हो जाने पर जेल प्रशासन की कोई जवाबदारी नही रहेगी। मुलाकात के दौरान केवल मिठाई, गजक, सोन पापड़ी मिठाई 250 ग्राम अंदर ले जाना अनुमत किया गया है। बने हुए भोजन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जेल प्रशासन द्वारा पूजा की थाल उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें हल्दी, कुमकुमए चावल आदि सामग्री रहेगी। साधारण प्रकार की राखी आप स्वयं लेकर आएं। कैदी से मुलाकात हेतु आने वाले सभी परिजन बहन बाहर एकत्रित हो जायें उसके उपरांत ही मुलाकात करें। बार-बार एक ही बंदियों को मुलाकात स्थल पर बुलाया नहीं जाएगा। केवल एक बार में ही मुलाकात करें। नगद रुपये बंदियों को देना सख्त मना है।

इस प्रकार का कृत्य करने पर मुलाकात प्रतिबंधित कर दी जायेगी साथ ही बंदी के विरूद्ध जेल अपराध दर्ज किया जाएगा। तलाशी में पूर्ण सहयोग देंए,जेल प्रशासन आपके सहयोग के लिये है, किसी भी प्रकार का विवाद न करें अन्यथा कानूनी वैद्यानिक कार्यवाही की जाएगी। रक्षाबंधन पर्व की सुचारू व्यवस्था हेतु समय.समय पर दिये गये निर्देशों का पालन करें एवं त्योहार के उत्साह को आनंदित बनाने हेतु जेल अधिकारी, कर्मचारियों का सहयोग करें।